# HPPSC
# Asst. Prof.

## Previous Year Paper
### (Hindi) (CC)
### 2016

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

**Don't just prepare. Perform.**
Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+**
Mock Tests

**25,000+**
Previous Year Papers

**800+**
Exam Covered

**500% Refund**
on Selection

**5 lakh+**
Free Quizzes

**Daily**
Free PDFs

**Job Alerts**
Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime
Rating
Editors' choice
New
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

**DOWNLOAD THE APP**

Adda247 GET IT ON Google Play

0357

**Booklet Serial No. :**

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

**TEST BOOKLET SERIES**

***TEST BOOKLET***

***A.P.(CC)HINDI-2016***

**A**

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## *INSTRUCTIONS*

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so, get it replaced by a complete test booklet.
2. **Encode clearly the test booklet series A, B, C or D as the case may be in the appropriate place in the answer-sheet.**
3. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
5. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Black or Blue ball pen. In the following example, response "C" is so marked :

   Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

6. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. After the response has been marked in the ANSWER SHEET, no erasing/fluid is allowed.
7. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given according to 'INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES' already supplied to you. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.*
8. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet. There will be no negative marking.
9. Before you proceed to mark responses in the Answer-Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer-Sheet as per the instructions sent to you.
10. If a candidate give more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct.
11. After you have completed the test, hand over the Answer-Sheet only, to the Invigilator.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

P.T.O.

Adda247 GET IT ON Google Play

## A.P.(CC) HINDI—2016

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

1. 'हिन्दुई साहित्य का इतिहास' नामक पुस्तक किसके द्वारा अनूदित है ?

   (A) लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय (B) किशोरीलाल गुप्त

   (C) गणपति चन्द्र गुप्त (D) श्यामसुन्दर दास

2. 'रीतिकाल' का दूसरा नाम 'शृंगार-काल' किसने सुझाया है ?

   (A) रामकुमार वर्मा (B) नगेन्द्र

   (C) रामचन्द्र शुक्ल (D) मिश्रबंधु

3. अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी किसने कहा है ?

   (A) रामचन्द्र शुक्ल (B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

   (C) राहुल सांकृत्यायन (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

4. भरतमुनि ने लोकभाषा को कहा है :

   (A) देशभाषा (B) अपभ्रंश

   (C) पुरानी हिन्दी (D) संस्कृत

Adda247
GET IT ON Google Play

5. 'भक्तिकाल' से वास्तविक हिन्दी साहित्य का आरम्भ किस विद्वान ने माना है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) जॉर्ज ग्रियर्सन

6. 'श्रावकाचार' पुस्तक के रचयिता हैं :

(A) शालिभद्र सूरि
(B) पुष्पदंत
(C) जैनाचार्य मेरुतुंग
(D) देवसेन

7. 'बालचंद बिज्जावइ भाषा। दुहु नहिं लग्गइ दुज्जन हासा॥'

—काव्यपंक्ति किस कवि की है ?

(A) शारंगधर
(B) विद्यापति
(C) हेमचन्द्र
(D) विद्याधर

8. 'प्रबंधचिंतामणि' के रचनाकार हैं :

(A) विद्याधर
(B) जैनाचार्य मेरुतुंग
(C) हेमचन्द्र
(D) सोमप्रभ सूरि

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

9. 'भल्ला हुआ जु मारिया बहिणी महारा कंतु।

लज्जेजं तु वयंसिअहु जइ भग्गा घरु एँतु॥'

उपर्युक्त दोहा किस कवि का है ?

(A) सोमप्रभ सूरि (B) पुष्पदंत

(C) स्वयंभू (D) हेमचन्द्र

10. 'प्राकृत पैंगलम' ग्रन्थ के संकलनकर्ता हैं :

(A) शालिभद्र सूरि (B) श्रीधर

(C) लक्ष्मीधर (D) विद्याधर

11. निम्नलिखित में से कौन-सा पंच मकार में शामिल **नहीं** था ?

(A) मुद्रा (B) मद्य

(C) मत्स्य (D) मंत्र

12. 'जयचंदप्रकाश' पुस्तक के रचयिता हैं :

(A) दयालदास (B) भट्ट केदार

(C) चंद बरदाई (D) जगनिक



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

13. नरपति नाल्ह ने किस ग्रन्थ की रचना की है ?

(A) खुमान रासो
(B) परमाल रासो
(C) बीसलदेव रासो
(D) हम्मीर रासो

14. 'रणमल्ल छंद' काव्य के रचयिता हैं :

(A) श्रीधर
(B) विद्याधर
(C) मधुकर कवि
(D) नागार्जुन

15. 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग' पंक्ति किस कवि की है ?

(A) कबीरदास
(B) तुलसीदास
(C) जायसी
(D) सूरदास

16. 'भक्ति का जो सोता दक्षिण की ओर से धीरे-धीरे उत्तर भारत की ओर पहले से ही चला आ रहा था उसे राजनीतिक परिवर्तन के कारण शून्य पड़ते हुए जनता के हृदयक्षेत्र में फैलने के लिए पूरा स्थान मिला', किसने लिखा है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) जार्ज ग्रियर्सन



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

17. 'जब प्राकृत बोलचाल की भाषा न रह गई तभी अपभ्रंश सहित्य का आविर्भाव समझना चाहिए' किसने लिखा है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) रामकुमार वर्मा
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) राहुल सांकृत्यायन

18. रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि को हिन्दी का प्रथम महाकवि घोषित किया है ?

(A) तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) चंद बरदाई
(D) स्वयंभू

19. 'पृथ्वीराज रासो' को हिंदी का प्रथम महाकाव्य किसने कहा है ?

(A) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'
(B) शिवसिंह सेंगर
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) नामवर सिंह

Adda247

20. अपभ्रंश का प्रमुख छंद है :

(A) कुंडलिया
(B) दोहा
(C) बरवै
(D) सवैया

Adda247 GET IT ON Google Play

21. 'आल्हा खंड' किस रचना का दूसरा नाम है ?

(A) विजयपाल रासो (B) हम्मीर रासो

(C) खुमान रासो (D) परमाल रासो

22. अपभ्रंश की उत्तरकालीन अवस्था का नाम है :

(A) प्राकृत (B) संस्कृत

(C) अवहट्ठ (D) पालि

23. सखी संप्रदाय के संस्थापक हैं :

(A) मध्वाचार्य (B) वल्लभाचार्य

(C) हित हरिवंश (D) स्वामी हरिदास

24. 'अद्वैतवाद' के संस्थापक हैं :

(A) शंकराचार्य (B) मध्वाचार्य

(C) वल्लभाचार्य (D) रामानुजाचार्य

Adda247 GET IT ON Google Play

25. जन्म-काल की दृष्टि से निम्नलिखित कवियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) नामदेव, कबीर, सुन्दरदास, दादूदयाल

(B) नामदेव, कबीर, दादूदयाल, सुन्दरदास

(C) कबीर, नामदेव, दादूदयाल, सुन्दरदास

(D) दादूदयाल, नामदेव, कबीर, सुन्दरदास

26. 'यह मसीत यह देहरा सतगुरु दिया दिखाइ।

भीतर सेवा बंदगी बाहिर काहै जाइ॥'—दोहे के रचयिता हैं :

(A) नानक (B) नामदेव

(C) कबीर (D) दादूदयाल

27. 'यद्यपि सिद्धांत दृष्टि से दादू कबीर के मार्ग के ही अनुयायी थे पर उन्होंने अपना एक अलग पंथ चलाया जो 'दादू पंथ' के नाम से प्रचलित हुआ।'—किसने लिखा है ?

(A) पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) जॉर्ज ग्रियर्सन (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

28. 'राजयोग' के रचयिता हैं :

(A) सुन्दरदास (B) अक्षर अनन्य

(C) क्षीतस्वामी (D) नंददास

Adda247 GET IT ON Google Play

29. 'मृगावती' के रचनाकार हैं :

(A) मंझन (B) शेख नबी

(C) कुतबन (D) जायसी

30. 'नूर मुहम्मद फारसी के अच्छे आलिम थे और इनका हिंदी काव्यभाषा का भी ज्ञान और सब सूफी कवियों से अधिक था।' किस विद्वान ने लिखा है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) नन्ददुलारे वाजपेयी

(C) रामकुमार वर्मा (D) विजयदेव नारायण साही

31. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कोड से **सही** उत्तर चुनिये :

(*a*) कासिमशाह (*i*) चित्रावली

(*b*) शेख नबी (*ii*) हंस जवाहिर

(*c*) नूर मुहम्मद (*iii*) मधुमालती

(*d*) उसमान (*iv*) ज्ञानदीप

(*v*) रौज़तुल हक़ायक

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) | (*i*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

32. 'श्रीरामार्चनपद्धति' के रचनाकार हैं :

(A) तुलसीदास
(B) नन्ददास
(C) रामानंद
(D) रामानुजाचार्य

33. स्वामी अग्रदास के गुरु थे :

(A) कबीरदास
(B) रामानंद
(C) पयहारी
(D) नामदेव

34. 'सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहत असि होय।

गोद लिए हुलसी फिरै, तुलसी सो सुत होय॥'— उक्त दोहा के रचयिता हैं :

(A) तुलसीदास
(B) रहीम
(C) नंददास
(D) स्वामी अग्रदास

35. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना तुलसीदास की **नहीं** है ?

(A) पार्वतीमंगल
(B) जानकीमंगल
(C) कृष्णगीतावली
(D) हनुमन्नाटक

Adda247

GET IT ON Google Play

36. 'कर्म जोग पुनि ज्ञान उपासन सब ही भ्रम भरमायो।

श्री बल्लभ गुरु तत्व सुनायो लीला भेद बतायो॥'—किस कवि ने लिखा है ?

(A) नंददास (B) सूरदास

(C) तुलसीदास (D) वल्लभाचार्य

37. 'गोस्वामी जी के प्रादुर्भाव को हिन्दी काव्य के क्षेत्र में एक चमत्कार समझना चाहिए । हिन्दी काव्य की शक्ति का पूर्ण प्रसार इनकी रचनाओं में ही पहले पहल दिखाई पड़ा।'—किस आलोचक का विचार है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) नंददुलारे वाजपेयी (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

38. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना स्वामी अग्रदास की लिखी **नहीं** है ?

(A) रूपमंजरी (B) ध्यानमंजरी

(C) रामध्यानमंजरी (D) कुंडलिया

39. निम्नलिखित में से कौन-सा कवि रामभक्तिशाखा से सम्बन्धित **नहीं** है ?

(A) नाभादास (B) अग्रदास

(C) हृदयराम (D) नंददास

Adda247 GET IT ON Google Play

40. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मतिराम की **नहीं** है ?

(A) रसविलास (B) रसराज

(C) ललितललाम (D) छंदसार

41. 'अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन।

अधम व्यंजना रस विरस, उलटी कहत नवीन॥'

—उपर्युक्त दोहा शब्दशक्ति के विषय में किसने कहा है ?

(A) केशव (B) बिहारी

(C) देव (D) चिंतामणि

42. 'चंडी चरित' किसकी रचना है ?

(A) गोविन्द सिंह (B) भूषण

(C) लाल कवि (D) सूदन

43. 'बिहारी ने इस सतसई के अतिरिक्त और कोई ग्रन्थ नहीं लिखा । यही एक ग्रन्थ उनकी इतनी बड़ी कीर्ति का आधार है। यह बात साहित्य क्षेत्र के इस तथ्य की घोषणा कर रही है कि किसी कवि का यश उसकी रचनाओं के परिमाण के हिसाब से नहीं होता, गुण के हिसाब से होता है।'—किस आलोचक ने लिखा है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) नंददुलारे वाजपेयी (D) बच्चन सिंह

Adda247 GET IT ON Google Play

44. निम्नलिखित काव्यों का अनुक्रम है ?

(A) लोकायतन–राम की शक्ति पूजा–झरना–प्रियप्रवास

(B) राम की शक्ति पूजा–झरना–लोकायतन–प्रियप्रवास

(C) झरना–प्रियप्रवास–राम की शक्ति पूजा–लोकायत

(D) प्रियप्रवास–झरना–राम की शक्ति पूजा–लोकायतन

45. 'नया साहित्य नए प्रश्न' आलोचनात्मक ग्रन्थ के लेखक हैं :

(A) नामवर सिंह
(B) शिवदान सिंह चौहान
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) अशोक वाजपेयी

46. 'मगध' काव्यकृति के रचनाकार हैं :

(A) रामकुमार वर्मा
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) श्रीकांत वर्मा
(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

47. 'खुली खिड़कियाँ' की रचनाकार हैं :

(A) मन्नू भंडारी
(B) मैत्रेयी पुष्पा
(C) मृदुला गर्ग
(D) निर्मला जैन

Adda247 GET IT ON Google Play

48. 'आखिरी कलाम' का प्रतिपाद्य विषय है :

(A) प्रेमाख्यान (B) लोकसंस्कृति

(C) युगबोध (D) इस्लाम दर्शन

49. 'एक कंठ विषपायी' किस विधा की रचना है ?

(A) गीतिनाट्य (B) आत्मकथा

(C) जीवनी (D) निबंध

50. 'तूफानों के बीच' के लेखक हैं :

(A) धर्मवीर भारती (B) रांगेय राघव

(C) राहुल सांकृत्यायन (D) अज्ञेय

51. किस आचार्य ने भावातिरेक को अनिष्टकर माना है ?

(A) अरस्तू (B) प्लेटो

(C) रिचर्ड्स (D) लौंजाइनस

52. 'कौवे और काला पानी' के रचनाकार हैं :

(A) मंगलेश डबराल (B) निर्मल वर्मा

(C) अशोक वाजपेयी (D) अज्ञेय



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

53. 'नंगा तलाई का गाँव' के रचनाकार हैं :

(A) मंगलेश डबराल
(B) विश्वनाथ त्रिपाठी
(C) नागार्जुन
(D) काशीनाथ सिंह

54. रामवृक्ष बेनीपुरी का नाटक है :

(A) अंधाकुआँ
(B) रक्षाबंधन
(C) आम्बपाली
(D) कोणार्क

55. 'जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं'–कहानी-संग्रह की लेखिका हैं :

(A) मन्नू भंडारी
(B) राजी सेठ
(C) चित्रा मुद्गल
(D) मेहरुन्निशा परवेज

56. 'शेषयात्रा' की लेखिका हैं :

(A) नासिरा शर्मा
(B) उषा प्रियंवदा
(C) मन्नू भंडारी
(D) कृष्णा सोबती

57. अमृतलाल नागर की कृति 'खंजन नयन' किस संत कवि की जीवनी पर आधारित है ?

(A) कबीरदास
(B) तुलसीदास
(C) सूरदास
(D) नंददास

Adda247
GET IT ON Google Play

58. 'सूरदास' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) प्रेमाश्रम (B) कर्मभूमि

(C) रंगभूमि (D) सेवासदन

59. 'आवारा मसीहा' किस शैली में लिखी गयी रचना है ?

(A) रेखाचित्र (B) संस्मरणात्मक

(C) जीवनीपरक (D) डायरी शैली

60. 'मणिकर्णिका' आत्मकथा के लेखक हैं :

(A) तुलसीराम (B) लक्ष्मण गायकवाड़

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि (D) मोहनदास नैमिशराय

61. 'मृणाल' जैनेन्द्र के किस उपन्यास की प्रमुख पात्र है ?

(A) सुनीता (B) परख

(C) त्यागपत्र (D) अंतराल

62. रस-सूत्र की व्याख्या करते हुए 'अभिव्यक्तिवाद' की स्थापना करने वाले आचार्य हैं :

(A) भट्ट लोल्लट (B) अभिनवगुप्त

(C) शंकुक (D) भट्ट नायक


Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

63. 'सूखा बरगद' के रचनाकार हैं :

(A) राही मासूम रजा (B) जाबिर हुसैन

(C) मंजूर एहतेशाम (D) शानी

64. 'छत्ता तेरे राज में धक-धक धरती होय, जित-जित घोड़ा मुख करे तित-तित फत्ते होय।'

—उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं ?

(A) भूषण (B) प्राणनाथ

(C) गुरु गोविन्द सिंह (D) हरिदास

65. 'रहस्य भावना और अभिव्यंजना पद्धति पर ही प्रधान लक्ष्य हो जाने और काव्य को केवल कल्पना की सृष्टि कहने का चलन हो जाने से सहानुभूति तक कल्पित होने लगी।' छायावाद के सन्दर्भ में उक्त कथन निम्नलिखित में से किस आलोचक का है ?

(A) नंददुलारे वाजपेयी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) नामवर सिंह (D) रामविलास शर्मा

Adda247 GET IT ON Google Play

66. 'घनाक्षरी की तरह अन्य पुराने-नए छंदों को भी निराला ने रूढ़ि-मुक्त करके मुक्त-छंद नाम से चालू कर दिया । जो स्वयं मुक्त होता है वही दूसरों को मुक्त कर सकता है। छंदों की मुक्ति निराला जैसे ही मुक्त पुरुष के हाथ संभव थी।'—उक्त पंक्तियाँ निराला के सन्दर्भ में किस समीक्षक की हैं ?

(A) नामवर सिंह
(B) रामविलास शर्मा
(C) मलयज
(D) शिवदान सिंह चौहान

67. 'सात आसमान' उपन्यास की लेखिका हैं :

(A) मैत्रेयी पुष्पा
(B) अनामिका
(C) नासिरा शर्मा
(D) चित्रा मुद्गल

68. मुग़ल दरबार की समृद्धि जब ह्रास होने लगी, और लखनऊ, पटना तथा मुर्शिदाबाद आदि में नई नवाबी राजधानियाँ श्रीसंपन्न होने लगीं, तो दिल्ली के गुणियों और व्यवसायियों ने पूरब की ओर मुँह किया।'—खड़ी बोली के प्रसार के सम्बन्ध में उक्त कथन किस आलोचक का है ?

(A) क्षितिकंठ मिश्र
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) रामविलास शर्मा

69. "भाषा पर जैसा अचूक अधिकार इनका था, वैसा और किसी कवि का नहीं। भाषा मानों इनके हृदय के साथ जुड़कर ऐसी वशवर्तिनी हो गयी थी कि ये उसे अपनी अनूठी भावभंगी के साथ जिस रूप में चाहते थे उस रूप में मोड़ सकते थे।" आचार्य शुक्ल का उक्त कथन किस कवि के सन्दर्भ में कहा गया है ?

(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) घनानंद
(D) देव

Adda247
GET IT ON Google Play

70. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी कृतियों से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये कोड से **सही** उत्तर चुनिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नंददास | (i) | प्रेमवाटिका |
| (b) | श्री भट्ट | (ii) | रूपमंजरी |
| (c) | रसखान | (iii) | युगल शतक |
| (d) | मंडन | (iv) | जनक पचीसी |
| | | (v) | रहस्य मंजरी |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

Adda247 GET IT ON Google Play

71. निम्नलिखित कवियों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर चुनिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | रामनरेश त्रिपाठी | (*i*) | तुलसीदास |
| (*b*) | जयशंकर प्रसाद | (*ii*) | स्वप्न |
| (*c*) | सुमित्रानंदन पन्त | (*iii*) | करुणालय |
| (*d*) | मैथिलीशरण गुप्त | (*iv*) | ग्रंथि |
| | | (*v*) | विकट भट |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |

Adda247
GET IT ON Google Play

72. निम्नलिखित हिंदीसेवियों को उनके मूल स्थान से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कोड से **सही** उत्तर चुनिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | इ. चेलिशेव | (*i*) | फ्रांस |
| (*b*) | गार्सा द तासी | (*ii*) | आयरलैंड |
| (*c*) | जार्ज ए. ग्रियर्सन | (*iii*) | इग्लैंड |
| (*d*) | फ्रेडरिक पिन्काट | (*iv*) | रूस |
| | | (*v*) | कनाडा |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (B) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |
| (C) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |

73. 'कैसी आगी लगाई' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) कमलेश्वर (B) नफीस आफरीदी

(C) असग़र वजाहत (D) शानी

Adda247 GET IT ON Google Play

74. निम्नलिखित उपन्यासकारों को उनके उपन्यासों से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर चुनिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अमृत राय | (*i*) | सूत्रधार |
| (*b*) | बदीउज्जमां | (*ii*) | नागफनी का देश |
| (*c*) | राही मासूम रजा | (*iii*) | दिल एक सादा कागज |
| (*d*) | संजीव | (*iv*) | एक चूहे की मौत |
| | | (*v*) | बूँद और समुद्र |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |

75. 'कलिकथा : वाया बाइपास' किसकी रचना है ?

(A) अनामिका (B) चित्रा मुद्गल

(C) अलका सरावगी (D) इंदिरा गोस्वामी

Adda247
GET IT ON Google Play

76. सिमोन द बुआ की पुस्तक 'द सेकेण्ड सेक्स' का हिन्दी अनुवाद किसने किया है ?

(A) प्रभा खेतान (B) प्रगति सक्सेना

(C) मधु बी. जोशी (D) चित्रा मुद्‌गल

77. 'पुष्प की अभिलाषा' के रचयिता हैं :

(A) सियारामशरण गुप्त (B) सुभद्राकुमारी चौहान

(C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

78. 'पल्लव' के रचनाकार हैं :

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानंदन पन्त (D) महादेवी वर्मा

79. 'कुआनो नदी' के रचयिता हैं :

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (B) रघुबीर सहाय

(C) धूमिल (D) केदारनाथ अग्रवाल

80. 'आत्मजयी' के लेखक हैं :

(A) केदारनाथ सिंह (B) अज्ञेय

(C) शमशेर बहादुर सिंह (D) कुंवर नारायण

Adda247

GET IT ON Google Play

81. मणिमहेश झील चम्बा जिले के किस उपमण्डल में है ?

(A) भरमौर (B) पांगी

(C) चुराह (D) भटियात

82. कुल्लु जिले का कौन-सा फिश फार्म (मछली केन्द्र) हाल ही में बाढ़ में बह गया था ?

(A) मोहेली (B) पतली कुहल

(C) हामनी (D) नागिनी

83. पिन वैली नेशनल पार्क हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) सिरमौर (B) कुल्लु

(C) लाहुल स्पीति (D) किन्नौर

84. हिमाचल प्रदेश में आवास के लिए भूमि पंजीकरण महिला के नाम होने पर स्टाम्प ड्यूटी कितनी है ?

(A) 2 प्रतिशत (B) 3 प्रतिशत

(C) 4 प्रतिशत (D) इनमें से कोई नहीं

85. 'बेटी है अनमोल' योजना हिमाचल प्रदेश में कब शुरू हुई ?

(A) 2006 में (B) 2008 में

(C) 2010 में (D) 2012 में



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

86. हिमाचल में लोक मित्र केन्द्र निम्नलिखित में से कौन-सा काम करते हैं ?

(A) बिजली के बिल जमा करना (B) पानी के बिल जमा करना

(C) नकल जमाबन्दी की प्रति जारी करना (D) ये सभी

87. डोम देवता का मन्दिर शिमला जिले में किस स्थान पर है ?

(A) कुपड़ी (B) क्रासा

(C) शरमला (D) मान्दल

88. हिमाचल शिक्षा विभाग किन महीनों में पलायन करने वाले बच्चों को विद्यालय में नामांकन करने के लिए सर्वेक्षण करता है ?

(A) मार्च और जुलाई (B) जुलाई और दिसम्बर

(C) अप्रेल और मई (D) अक्टूबर और नवम्बर

89. हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सी जलविद्युत् परियोजना निजी क्षेत्र में है ?

(A) होली (B) जोगिनी

(C) गज (D) सिस्सू

90. वर्ष 1950-51 में हिमाचल प्रदेश में लगभग कितने हेक्टेयर क्षेत्र सेबों के अन्तर्गत था ?

(A) 400 (B) 2000

(C) 4000 (D) 6000



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

91. वीणा सहस्रबुद्धे निम्नलिखित में से किससे जुड़ी है ?

(A) नृत्य
(B) शास्त्रीय संगीत
(C) चित्रकला
(D) मूर्ति कला

92. भारत प्रेस परिषद् की स्थापना कब हुई ?

(A) 1972-73 में
(B) 1978-79 में
(C) 1985-86 में
(D) 1989-90 में

93. भारत का सबसे पुराना विमान वाहक पोत कौन है ?

(A) आइ. एन. एस. विराट
(B) आइ. एन एस. विक्रान्त
(C) आइ. एन. एस. विक्रमादित्य
(D) आइ. एन. एस. सिंधुघोष

94. बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ उत्तर प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) कन्नौज
(B) गौतमबुद्ध नगर
(C) सिद्धार्थ नगर
(D) वाराणसी

95. भारत के किस केन्द्र-शासित प्रदेश (क्षेत्र) की जनसंख्या सबसे कम है ?

(A) दादरा व नगर हवेली
(B) दमन व दीव
(C) पुडुचेरी
(D) लक्षद्वीप



Adda247

Test
Prime
By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


PDF

Free
25,000+
PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS
MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Adda247 GET IT ON Google Play

96. मानवरहित अंतरिक्ष यान जूनो ने जुलाई, 2016 में किस ग्रह की कक्षा में प्रवेश किया ?

(A) मंगल (B) बुध

(C) बृहस्पति (D) शनि

97. विश्व का वह कौन-सा देश है जहाँ की राष्ट्रपति, संसद की स्पीकर और सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश तीनों महिलाएँ हैं ?

(A) जर्मनी (B) ब्राजील

(C) बांग्लादेश (D) नेपाल

98. 2016 की यूरो कप फुटबाल प्रतियोगिता में कुल कितनी टीमों ने भाग लिया ?

(A) 12 (B) 16

(C) 20 (D) 24

99. **फ्यूचर शॉक** नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एलविन टाफलर (B) विलियम जोन्स

(C) डोनाल्ड स्मिथ (D) क्रिस्टोफर मार्लव

100. तेगुसीगल्पा किस देश की राजधानी है ?

(A) हैती (B) हण्डुरास

(C) ग्वाटेमाला (D) निकारागुआ